Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding rail facilities in East Central Railway Zone -laid.

श्री दिलेश्वर कामैत (**सुपौल**): पूर्व मध्य रेलवे के राघोपुर से फारबिसगंज तक आसनपुर कुपहा से निर्मली तक रेलवे का अमान परिवर्तन अभी भी अधूरा है| सहरसा से राघोपुर तथा आसनपुर कूपहा तक अभी भी पैसेंजर गाड़ी चल रही है| राघोपुर से ललित ग्राम तक अमान परिवर्तन का काम पूरा हो गया है, उक्त रेलखंड पर सी०आर०एस० का निरीक्षण हो गया है, अतः आग्रह है कि उक्त रेलखंड पर गाड़ी चलाने कृपा की जाय |

दानापुर से सहरसा तक गाड़ी संख्या 13205/13206 जनहित एक्सप्रेस, नई दिल्ली से सहरसा वैशाली एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 02554/02553 चलती है, सियालदह से सहरसा, हाटे बाजरे एक्सप्रेस 13163/13164 इन तीनों ट्रेन का सरायरायगढ़ तक विस्तार किया जाए या तत्काल कनेक्टिंग ट्रेन पटना , दिल्ली, कोलकाता, के लिए चलाई जाए , जिससे नेपाल सहित कोसी क्षेत्र की जनता को लाभ मिल सके|